वित्तीय वर्ष 2018-19 में ग्राहक शिकायत निवारण का प्रतिशत 99% रहा। वर्ष के अंत में 1274 शिकायतों का निपटान बाकी था जिनमें से 10 शिकायत एक माह से अधिक की थी।

एडीसी से संबंधित शिकायतों का निपटान निर्धारित अवधि के अंदर कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष मार्च 2019 के अंत तक भारत सरकार के पोर्टल (सीपीजीआरएएम) पर 1058 दर्ज शिकायतों में से 1034 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है और 31.03.2019 को 24 शिकायतें निवारण के लिए लंबित रहीं।

आंतरिक नियंत्रण

बैंक की आंतरिक लेखा नियंत्रण तंत्र की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने और बैंक द्वारा नियामक अनुपालन सहित जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण को प्रभावी बनाने के साथ प्रबंधन को उच्च गुणवत्ता वाले परामर्श प्रदान करने के लिए बैंक द्वारा सभी परिचालन इकाइयों का सतत आधार पर आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। बैंक जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) करता है जिसमें आरबीआईए के दायरे में बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और प्रभावशीलता की परीक्षा और मूल्यांकन शामिल होगा।

लेखापरीक्षा और निरीक्षण विभाग की संगठन संरचना में बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी), कार्यपालकों की लेखा समिति (एसीई), लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग (सात क्षेत्रीय निरीक्षण इकाइयों सहित (आरआईयू) के साथ लेखा परीक्षा और निरीक्षण विभाग, प्रधान कार्यालय और कार्यपालकों की क्षेत्रीय लेखा परीक्षा समिति की रिपोर्टिंग शामिल है। आंतरिक निरीक्षकों/बाहरी लेखा परीक्षकों (सीए फर्म) की टीम बोर्ड अनुमोदित लेखापरीक्षा और निरीक्षण नीति के अनुसार फील्ड स्तर पर बैंक की शाखाओं/कार्यालयों का लगातार निरीक्षण कर रही है, विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में शामिल जोखिम की पहचान, माप और शमन के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं और मानदंडों के कार्यान्वयन और अनुपालन के स्तर का मूल्यांकन कर रही है। बैंकिंग प्रणाली और गतिशील वैश्विक आर्थिक माहौल के बदलते परिदृश्य के साथ पंक्तिबद्ध होने के लिए, निरीक्षण प्रक्रिया अद्यतन की जाती है और समय-समय पर बैंकिंग प्रणाली में बदलते परिदृश्य के साथ तालमेल बनाकर चलने के उद्देश्य से समय-समय पर बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा नीति को अद्यतन किया जाता है और उसमें आवश्यक परिवर्तन को भी शामिल किया जाता है। उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की लेखा परीक्षाएं जैसे - जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा समवर्ती लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा, स्नैप ऑडिट, राजस्व लेखा परीक्षा, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण और क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रबंधन लेखा परीक्षा की जाती है।

शाखाओं का जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) प्रभावी जोखिम प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए की जाती है एवं संभावित जोखिम जैसे क्षेत्रों का आंतरिक नियंत्रण बैंक को विभिन्न जोखिमों से बचाने के लिए की जाती है। 01 नवंबर, 2016 से प्रणाली आधारित ऑनलाइन आर बी आई ए की शुरुआत की जा चुकी है। वर्ष 2018-19 के दौरान 1645 शाखाओं के लक्ष्य के एवज में 1662 शाखाओं का जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा की गई। बैंक के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शाखा के सभी वित्तीय लेन देन की प्रणालीगत परीक्षण के रूप में सटीकता, प्रामाणिकता और आंतरिक प्रणालियों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समवर्ती लेखा-परीक्षा का प्रारूप सामने आया। वर्ष 2018-19 के दौरान कुल जमाराशि का 50.09%, कुल अग्रिम का 79.72% और कुल व्यवसाय का 60.36% को शामिल करते हुए 31.03.2019 तक बैंक की 548 शाखाओं की समवर्ती लेखा परीक्षा पूरी कर ली गई है।

शाखाओं में ऋण वितरण प्रक्रिया में अंतर को चयन करते हुए ऋण लेखा परीक्षा को एक प्रभावी निगरानी संयंत्र के रुम में अपनाया गया है तथा अनुपालन की निगरानी के लिए अंतर को पूरा करने के लिए उपाय सुझाए गए हैं । वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के 31 मार्च, 2019 तक ऋण लेखा परीक्षा द्वारा कुल ऋण संविभाग का 60% पूरा किया गया।

प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण नेटवर्किंग और विभिन्न सुपुर्दगी माध्यमों की विस्तृत विविधता के माध्यम से बैंकिंग के दायरे, पहुंच और कवरेज को बढ़ाया है। बैंकों द्वारा उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने से, आईटी वातावरण के भीतर जटिलताओं ने काफी तकनीकी संबंधित जोखिमों को जन्म दिया है। इन तकनीकी जोखिमों को कम करने और प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए बैंक के आईटी बुनियादी ढांचे की सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा की जा रही है।

धनशोधन निवारक/अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)

बैंक सभी ग्राहकों के मामले में केवाईसी मानदंडों के कड़े अनुपालन के लिए उचित उपाय करता है और एएमएल (धन शोधन निवारण) मानकों के कार्यान्वयन हेतु लेनदेन की कड़ी निगरानी करता है।

केवाईसी/एएमएल दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:

- बैंक ने उचित प्रक्रियाएं स्थापित करके एक प्रभावी एएमएल कार्यक्रम तैयार किया है और इसका सख्त कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है।
- नकदी लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर), संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर), गैर-लाभ संगठन लेनदेन रिपोर्ट (एनटीआर), क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट (सीडब्ल्यूटीआर) और नकली मुद्रा नोट रिपोर्ट (सीसीआर) समय सीमा के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में एफआईयूआईएनडी के साथ फाइल की जाती हैं।

- हमारे आंतरिक वेब-आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से ऑफ़साइट निगरानी के लिए दैनिक अलर्ट की शुरुआत की गई है और हमारे एएमएल प्रकोष्ठ द्वारा उसकी निगरानी की जाती है। वर्तमान में, 13 प्रकार के अलर्ट पैरामीटर पर दैनिक अलर्ट उत्पन्न किए जाते हैं।
- निरंतर आधार पर अनेक एसटीआर और एफआईयू-आईएनडी, वित्त मंत्रालय द्वारा विमुद्रीकरण के दौरान यथा अपेक्षित विभिन्न रिपोर्टों के विषय में एएमएल सेल द्वारा पूरी तरह से ध्यान रखा गया।
- सभी ग्राहकों से पहचान और पते के प्रमाण के लिए आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेज (ओवीडी) प्राप्त किए जा रहे हैं। इन दस्तावेजों को सीबीएस प्रणाली में रखा जा रहा है।
- सभी ग्राहकों के जोखिम वर्गीकरण और उनके प्रोफाइल अद्यतन का कार्य सिस्टम के माध्यम से किया जा रहा है।
- बैंक ने पैन, पासपोर्ट और आधार संख्या के आधार पर सभी अलग-अलग ग्राहकों के लिए यूनिक ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) के आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली है।
- हमारे बैंक का समग्र केवाईसी अनुपालन 99% से अधिक है।
- सीकेवाईसीआर पोर्टल में केवाईसी डेटा अपलोड करना शुरू कर दिया गया है।

सुरक्षा व्यवस्थाः

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप समय-समय पर सुरक्षा उपकरणों को स्थापित करते हुए शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बैंक ने आवश्यक कदम उठाया है। इसके अलावा, समय बीतने के साथ ही शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्थाओं को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान कर मजबूत करने की आवश्यकता है। हलांकि, समय की आवश्यकता को समझते हुए हमारे बैंक द्वारा शाखाओं को उपलब्ध कराई गई अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण/सेवा निम्नांकित हैः

(क) **सीसीटीवी की स्थापना -** सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से स्थापित कर शाखाओं की सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। सभी करेंसी चेस्ट शाखाओं को पहले से ही सीसीटीवी प्रणाली से लैस किया जा चुका है। 2009 से 2012 तक करेंसी चेस्ट सहित कुल 835 शाखाएं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से लैस थीं। 1143 गैर-सीसी शाखाओं में सीसीटीवी प्रणाली की स्थापना की प्रक्रिया जारी है। परियोजना के पूरी तरह से 1978 सीसी और गैर-सीसी शाखाओं के चौबीस घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी से लैस किया जाएगा।

(i) युनाइटेड टॉवर में प्रधान कार्यालय का भूतल + 16 तल और भूतल सहित एक ऊंची इमारत है। सभी शीर्ष अधिकारियों के कार्यालयों की संवेदनशील प्रकृति यथा इस भवन में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक और महाप्रबंधक के बैंक डेटा सेंटर सहित कार्यालय स्थित हैं। इसके अलावा, विभिन्न स्केल और श्रेणियों के लगभग 650 कर्मचारी कार्यालय में तैनात हैं। अतः कार्यालयों की संवेदनशील प्रकृति, डेटा सेंटर, कर्मचारियों की उच्च संख्या बल और प्रधान कार्यालय भवन में आनेवाले सैकड़ों आगंतुकों की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रधान कार्यालय भवन की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए, उचित नियंत्रण और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में 113 कैमरों को लगाने के साथ भूतल सहित सभी मंजिलों को सीसीटीवी प्रणाली से कवर किया गया है।

(ii) शेष शाखाओं और कार्यालयों को भी समय के साथ निश्चित रूप से सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से लैस किया जाएगा।

(iii) अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी करेंसी चेस्ट शाखाओं को एकीकृत सुरक्षा समाधान (आईएसएस) के तहत लाया गया है, जिसे संकट के समय नियंत्रण निगरानी और करेंसी चेस्ट के अंदर की गतिविधियों को सीधे लालबाजार पुलिस नियंत्रण कक्ष (कोलकाता) से चौबीसों घंटे देखा जा सकता है।

(ख) **स्वच्छ नोट नीति का कार्यान्वयन -** भारतीय रिजर्व बैंक के स्वच्छ नोट पॉलिसी को गैर-सीसी शाखाओं में लागू करने के क्रम में शाखाओं के काउंटर पर ही जाली भारतीय करेंसी नोटों (एफआईसीएन) की पहचान करने के लिए शाखा में (1+1) पॉकेट डेस्क टॉप प्रमाणक सह सॉर्टर से लैस किया गया है। यह शाखाओं को जारी करने योग्य नोट एवं नहीं जारी करने योग्य करेंसी नोटों को छांट कर स्वयं काउटर एवं एटीएम के माध्यम से भी ग्राहकों और जनता के बीच पुनर्वितरण करने में मदद करता है।

हमारी 1153 गैर-सीसी शाखाएं पहले से ही (1+1) पॉकेट डेस्क टॉप ऑथेंटिकेटर सह सॉर्टर से लैस किए गए हैं। शेष 839 गैर सी सी शाखाओं को भी समय के साथ निश्चित रूप से चरणबद्ध तरीके से (1+1) पॉकेट डेस्क टॉप ऑथेंटिकेटर सह सॉर्टर से लैस किया जाएगा।

(i) सभी करेंसी चेस्ट शाखाएं पहले से ही हेवी ड्यूटी नोट सॉर्टिंग मशीनों से लैस हैं।

(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शाखाओं से संबंधित क्रियाकलाप, एफआईसीएन डिटेक्शन के वास्तविक समय की रिपोर्टिंग, गंदे/कटे-फटे नोटों का न्याय निर्णयन, सिक्कों एवं नये नोटों का वितरण हेतु बैंक ने अपना सॉफ्टवेयर, एसडीएमएस (सुरक्षा डेटा प्रबंधन प्रणाली) विकसित किया है।

(ग) **शाखाओं का नकद प्रबंधन -** अतिरिक्त नकद प्रबंधन से संबंधित नियमित (एमआईएस) के साथ शाखाओं के दिन-प्रतिदिन के नकद धारिता की बारीक निगरानी के लिए बैंक ने अपना सॉफ्टवेयर विकसित किया है। इस प्रणाली के माध्यम से प्रत्येक दिन शाखाओं का अतिरिक्त नकद धारिता रिपोर्ट स्वतः निकलती है और प्रत्येक शाखा के अतिरिक्त नकद की स्थिति को बारीकी से निगरानी करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय की सुविधा हेतु अतिरिक्त नकद धारिता का विवरण प्रत्येक क्षेत्रीय प्रमुख को स्वतः ई-मेल द्वारा भेजी जाती है।

(घ) शाखाओं से अतिरिक्त नकदी उठाने और जरूरतमंद शाखाओं को नकद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निजी सुरक्षा एजेंसी (पीएसए) की विप्रेषण टीम जिसमें ड्राइवर सहित 1 कैश वैन, 2 आर्म गार्ड और 1 नकद का संरक्षक मौजूद होते हैं, किराए पर लिए जाते हैं। 27 सीसी शाखाओं में पीएसए की रेमिटेंस टीमों की कार्यनिष्पादन की स्वीकृति प्राप्त की गई। अब तक 24 सीसी शाखाओं में 25 नकद विप्रेषण टीम (पीएसए) उपलब्ध करायी गई है। बाकी पीएसए नकद विप्रेषण टीमों को करेंसी चेस्ट शाखाओं में लगाने संबंधी आवश्यकताओं और वित्तीय व्यवहार्यता पर विचार करना प्रक्रियाधीन है।

(च) बैंक के प्रधान कार्यालय में आगंतुकों को व्यवस्थित करने और उनकी निगरानी करने के लिए एक कम्प्यूटरीकृत आगंतुक प्रबंधन प्रणाली प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है।

परिसरः

- बैंक के उपयोग के लिए पट्टा/किराये के आधार पर परिसरों का अधिग्रहण चाहे वह खरीद के माध्यम से हो और आमतौर पर पट्टा धारित भूमि पर नए निर्माण के आधार पर हो, विभाग द्वारा की जाती है।
- बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाले/दीर्घावधि पट्टाधारित परिसरों पर निर्माण।
- बैंक के पट्टा धारित/किराए के परिसर को सुसज्जित करना का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- करेंसी चेस्ट का निर्माण/प्रतिष्ठापन और उसके बाद समय-समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करना का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- पंपों, वाटर प्यूरीफायर, वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र, एयरकंडीशनर, जेनरेटर, ट्रांसफॉर्मर, सेंट्रल एयरकंडीशनिंग संयंत्र, लिफ्ट, सोलर संयंत्र आदि का मरम्मत, सामान्य रखरखाव और वार्षिक रखरखाव का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- प्रधान कार्यालय में कार्यालय फर्नीचर,लैन कनेक्शन, टेलीफोन कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन आदि का स्थानांतरण/पुनर्निर्माण का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- अतिरिक्त स्थानों का स्थानांतरण एवं अधिग्रहण तथा बैंक के किराए के परिसरों से संबंधित अभ्यर्पण, पट्टे का नवीकरण, किराए में संशोधन आदि तथा बैंक के किराए के परिसर की वस्तुसूची का रखरखाव, पट्टे के नवीकरण के लिए मकान मालिक को सूचना जारी करना एवं चूककर्ता शाखाओं से किराए की वसूली के संबंध में अनुवर्तन तथा समय पर सूचना देने का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- प्रधान कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय के प्रत्यक्ष नियंत्रणधीन बैंक के अपने परिसरों में फर्नीचर और फिक्स्चर आदि की उपलब्धता।
- गैरबैंकिंग आस्तियों के रखरखाव और निपटान से संबंधित मामले।
- परिसर से संबंधित पूंजी और राजस्व व्यय की वार्षिक बजट से संबंधित योजना।
- क्रमशः प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक निदेशक के विवेकाधीन वित्तीय शिक्त के तहत पूंजी और राजस्व व्यय की अनुशंसा हेतु व्यय समिति एवं की बैठकों का आयोजन एवं समन्वयन।
- आर्किटेक्ट्स/परामर्शदाता/ठेकेदारों/विकेताओं/आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करना।
- पुनर्पूंजीकरण के लिए बैंक की अपनी/पूर्ण स्वामित्व/दीर्घावधि पट्टे वाली संपत्ति (भूमि और भवन) का पुनर्मूल्यन।
- कोलकाता में बैंक के अपने/पूर्ण स्वामित्व/दीर्घावधि पट्टे के परिसर के लिए दरों/करों का भुगतान।
- कंपनी लेखा विभाग की सहायता से बैंक के/पूर्ण स्वामित्व/पट्टे वाले परिसर, स्थापन, उपकरण, फर्नीचर और अन्य सभी अचल संपत्तियों के संबंध में बीमा दावों का निपटान विभाग द्वारा किया जाता है।
- परिसर से संबंधित पूँजी/राजस्व व्यय हेतु पिछले महीने मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधकों द्वारा विवेकाधीन शिक्त के प्रयोग की संवीक्षा एवं नोटिंग विभाग द्वारा की जाती है।
- बैंक के भवनों, फर्नीचर, कार्यालय उपकरणो, विद्युत प्रतिष्ठापन, एयर कंडीशनर आदि बैंक के दीर्घकालिक पट्टा धारित परिसरों/अपने परिसरों की वस्तु सूची बही एवं मूल्यह्रासों की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जाती है।
- यु.बी.आई. हाउस के लॉन गार्डेन एवं प्रधान कार्यालय के टैरेस गार्डन का रखरखाव और संचालन विभाग द्वारा किया जाता है।
- समय-समय पर पट्टे पर आवास/किराए के आधार पर अधिग्रहण के लिए परिसर नीति की समीक्षा और तैयारी विभाग द्वारा किया जाता है।
- समय-समय पर बैंक के लिए माल एवं सेवाओं की खरीद हेतु नीति एवं प्रक्रियाओं से संबंधित मैनुअल को तैयार करना एवं उसकी समीक्षा करना ।
- शाखाओं में सेफ डिपॉजिट लॉकरों के लिए स्ट्रॉंग रू मों का निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है।
- चरणबद्ध रूप में ऊर्जा का कार्यान्वयन एवं इलेक्ट्रिकल लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया जाता है।
- प्रधान कार्यालय में कॉरपोरेट मोबाइल कनेक्शन एवं लैंडलाइन टेलीफोन का बिलिंग एवं समन्वयन, टेलीफोन लाइनों का शिफ्टिंग, डछ्ळठ का प्रतिष्ठापन, टेलीफोनों की मरम्मत का अनुवर्तन एवं संचार प्रणाली तथा एएमसी से संबंधित मामले, क्रय, रखरखाव तथा फोटोकॉपियर मशीन सेटों की देखभाल विभाग द्वारा किया जाता है।
- प्रधान कार्यालय में पदस्थापित अधिकारियों की माँग पर आवासीय व्यवस्थाओं के संबंध में किराए पर लेना/पुनर्नवीकरण/समीक्षा विभाग द्वारा की जाती है।

राजभाषा का कार्यान्वयनः

- सरकार के राजभाषा नीति के क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए, प्रधान कार्यालय/क्षेत्र में प्रवीण और प्राज्ञ के नियमित हिंदी पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण में 74 अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय, कोलकाता में प्रत्येक तिमाही में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला और यूनिकोड आधारित कंप्यूटर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रधान कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वर्ष के दौरान बैंक की हिन्दी गृह पत्रिका "युनाइटेड दर्पण" के विभिन्न अंकों का विमोचन किया गया। बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रधान कार्यालय के विभागों का राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधी निरीक्षण किया गया।
- हमारे बैंक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित बैठकें संचालित की जैसे कृष्णनगर, पुरुलिया, कटिहार एवं श्रीरामपुर जिसे भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हमें सौंपा गया था ।
- बैंक के प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं द्वारा 14 सितंबर, 2018 को हिंदी दिवस मनाया गया। हमारे प्रधान कार्यालय ने 14 सितंबर, 2018 से 20 सितंबर 2018 तक हिंदी सप्ताह मनाया और सप्ताह के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।
- राजभाषा पर संसदीय समिति की तीसरी उपसमिति ने हमारे रायपुर क्षेत्र के तहत इंदौर शाखा एवं मुंबई क्षेत्र के तहत मड़गाँव शाखा का क्रमशः अगस्त, 2018 और मार्च, 2019 के महीने में दौरा किया। हमारे बेहतर प्रदर्शन के लिए समिति द्वारा बैंक की प्रशंसा की गई।
- भारत सरकार, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा नई दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत हमारी नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय और गुड़गांव महरौली रोड शाखा का निरीक्षण किया गया।

- हमारे प्रधान कार्यालय को राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में बेहतर प्रदर्शन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), कोलकाता की ओर से तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालय जैसे मेरठ एवं नई दिल्ली, और कानपुर, फैजाबाद, हरिद्वार, देहरादून, आगरा और बरेली जैसी शाखाओं ने भी राजभाषा नीति के अपने उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए संबंधित नराकासों से पुरस्कार प्राप्त किए।
- पहली बार हमारे बैंक को हिंदी गृह पत्रिका "युनाइटेड दर्पण" के प्रकाशन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

- बैंक के 4 प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं - पश्चिम बंगाल में बंगीय ग्रामीण विकास बैंक (बीजीवीबी), असम में असम ग्रामीण विकास बैंक (एजीवीबी), त्रिपुरा में त्रिपुरा ग्रामीण बैंक(टीजीबी), और मणिपुर में मणिपुर ग्रामीण बैंक (एमआरबी) हैं । दिनांक 31.03.2019 तक बैंक की शाखाओं का कुल नेटवर्क 1174 है ।
- दिनांक 31.03.2019 को कुल जमा ₹31725.91 करोड़ एवं कुल अग्रिम ₹12679.99 करोड़ सहित चार आरआरबी का संयुक्त कुल व्यवसाय ₹44405.90 करोड़ था। संयुक्त सकल एनपीए 26.30% एवं पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त शुद्ध/निवल लाभ ₹82.46 करोड़ थे। बीजीवीबी और टीजीबी ने क्रमशः ₹9.10 करोड़ एवं ₹125.05 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया तथा एजीवीबी और एमआरबी ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान क्रमशः ₹49.85 करोड़ एवं ₹1.84 करोड़ का निवल हानि दर्ज किया। **(उपर्युक्त स्थिति गैर लेखा परीक्षित आंकड़ों पर आधारित है।)**
- समस्त चार आरआरबी सीबीएस प्लेटफार्म पर काम कर रहे हैं और सभी एनईएफटी, आरटी जीएस, पीएफएमएस, एईपीएस के लिए सक्षम हैं। आरआरबी विभिन्न **प्रौद्योगिकी संचालित उत्पाद और सेवाएं जैसे रुपे कार्ड/एटीएम/पीओएस मशीन, सीटीएस आधारित समाशोधन आदि उपलब्ध कराती है।**
- यहाँ यह उल्लेख किया जा सकता है कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित लैंगपी देहांगी ग्रामीण बैंक (एलडीआरबी) को असम ग्रामीण विकास बैंक (एजीवीबी) के साथ प्रभावी तिथि 01 अप्रैल 2019 से हमारे बैंक के प्रायोजन के तहत समामेलित किया जाना था, दिनांक 22 फरवरी 2019 को जारी भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना के आधार पर 01 अप्रैल 2019 में इसका समामेलन किया गया।

एलडीआरबी का नेटवर्क 59 शाखाओं का था तथा दिनांक 31.03.2019 को एलडीआरबी की कुल व्यवसायिक स्थिति, गैर लेखा परीक्षित आंकड़ों के आधार पर कुल व्यवसाय ₹1378.95 करोड़, कुल जमा ₹889.76 करोड़, कुल अग्रिम ₹489.19 करोड़, सकल एनपीए 2.28% तथा वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान निवल लाभ ₹15.31 करोड़ था।

युनाइटेड डीमैटः

"युनाइटेड डीमैट" के अंतर्गत सीडीएसएल और एनएसडीएल प्लैटफॉर्म पर बैंक के ग्राहकों को डिपॉजिटरी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिसका उद्देश्य डिपॉजिटरी वातावरण के अंतर्गत परेशानी मुक्त, त्वरित और सटीक लेनदेन प्रदान करना है। इसके कुछ लाभ निम्नलिखित हैं:

- प्रतिभूतियों को रखने का आसान और सुविधाजनक तरीका
- अंतरण के समय बिना किसी स्टैंप ड्यूटी के प्रतिभूतियों का तत्काल अंतरण
- कागजी के शेयरों की तुलना में सुरक्षित (दोषयुक्त सुपुर्दगी, नकली प्रतिभूतियों, देरी, चोरी आदि की कोई भी संभावना नहीं)
- प्रतिभूतियों के अंतरण में कम से कम कागजी कार्यवाही।
- डीमैट खाते में स्वतः जमा
- कॉर्पोरेट कार्यो और कॉर्पोरेट लाभों के वितरण से उत्पन्न प्रतिभूतियों और निधि का शीघ्र जमा होना;
- सबसे आसान माध्यम से ऑनलाइन
- धारिता और लेनदेन का आवधिक विवरण
- ग्राहक खाता विवरण बदलने की सुविधा के साथ-साथ नामांकन, यथा आवश्यक परेशानी मुक्त प्रेषण शामिल है।
- डीमैट खाते में आइपीओ आवंटित किए गए शेयरों का सीधा जमा होना और संबद्ध बैंक खाते में लाभांश का जमा होना।
- एक ही डीमैट खाते के माध्यम से इक्विटी और ऋण लिखत दोनों में ही निवेश किया जा सकता है। यहां तक कि म्यूचुअल फ़ंड यूनिट्स, सार्वभौमिक गोल्ड बॉन्ड, बीमा पॉलिसी आदि को डीमैट फॉर्म में उसी डीमैट खाते में रखा जा सकता है।

शेयर लेनदेन के सभी पहलुओं पर डीमैट सेवाएं उपलब्ध हैं, जैसेः

- डीमैट खाता खोलना
- प्रतिभूतियों की खरीद एवं बिक्री
- अमूर्तिकरण और पुनःमूर्तिकरण
- म्यूचुअल फंड यूनिट का डिस्टेटमेंटाइजेशन एंड रिस्टेटमेंटाइजेशन/मोचन
- गिरवी/गैर-गिरवी/दृष्टिबंधक/जब्ती
- फ्रीज और अनफ़्रीज़ करना
- अंतरण, ट्रांसमिशन और ट्रांस्पोजीशन

यू-कनेक्ट - बैंक की शेयर ट्रेडिंग सेवाएं

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के लिए "यू-कनेक्ट ट्रायो" उत्पाद के माध्यम से कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (केएसएल) के साथ ट्रेडिंग की सुविधा प्रदान करता है। इन उत्पादों में एएसबीए में आईपीओ एप्लीकेशन के माध्यम से निवेश, व्यापार, एक्सपोज़र, मार्जिन ट्रेडिंग, फंडिंग, एएसबीए के माध्यम से आईपीओ आवेदन की विशेष सुविधा है। यह सभी सुविधाएं एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध करायी गयी हैं। निवेशकों को मोबाइल ऐप के उपयोग द्वारा एवं डीलर के माध्यम से अपने ट्रेडों को

ऑनलाइन, ऑफ़लाइन उपयोग करने की सुविधा है। इक्विटी के अलावा निवेशक हमारे उत्पादों के माध्यम से बॉन्ड, ईटीएफ और एमएफ में भी व्यापार कर सकते हैं। निवेशकों को पुरस्कार विजेता अनुसंधान दल से अनुसंधान रिपोर्ट और ट्रेडिंग टिप्स भी मिलेगी।

डिजिटल बैंकिंग:

मोबाइल बैंकिंग नई सेवाएं:

बैंकिंग सेवा को बेहतर बनाने और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए, मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन को चालू किया गया है। उन्नत मोबाइल बैंकिंग ऐप में स्व-ऑन-बोर्डिंग सुविधा है जो अधिक ग्राहकों को आकर्षित करती है और चैनल के विकास में मदद करती है। धन हस्तांतरण, बिल भुगतान, आईएमपीएस, मोबाइल रिचार्ज, चेक बुक अनुरोध आदि जैसी नियमित सेवाओं के अलावा, निम्नलिखित अतिरिक्त सुविधाओं को जोड़ा गया है:

क) **स्व-ऑन बोर्डिंग:** स्व ऑन बोर्डिंग प्रक्रिया में डेबिट कार्ड और पिन या ई-बैंकिंग उपयोगकर्ता-आईडी और पासवर्ड के माध्यम से प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है। यदि ग्राहक डेबिट कार्ड प्लेटफॉर्म कोरबैंकिंग प्रणाली पर पंजीकृत नहीं है, तो ग्राहक शाखा में मैन्युअल रूप से पंजीकृत हो सकता है।

ख) **बायोमेट्रिक एप्लीकेशन लॉगिन:** उपयोगकर्ता के पास आवेदन पिन या पंजीकृत फिंगर बायोमेट्रिक के माध्यम से आवेदन में लॉगइन करने का विकल्प होगा।

ग) **भारत क्यू आर:** ग्राहक लिंक किए गए डेबिट कार्ड के माध्यम से अपने खाते से डेबिट करके भारत क्यूआर प्रदर्शित करने वाले किसी भी ऑनलाइन/ऑफ़लाइन व्यापारी को भुगतान कर सकते हैं।

घ) **कार्ड सेवा:** ग्राहक को दैनिक निकासी सीमा निर्धारित करने, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन को सक्षम/अक्षम करने और डेबिट कार्ड के अस्थायी/स्थायी अवरोधन की अनुमति देता है।

ङ) **खाता विवरण:** ग्राहक एक तिथि सीमा (अधिकतम छह महीने), पूर्व निर्धारित अवधि या अंतिम लेनदेन की वांछित संख्या के लिए विवरण देख सकते हैं। इसे ग्राहकों के पंजीकृत ईमेल आईडी के अंतर्गत भी लाया जा सकता है।

च) **भारत बिल पे:** ग्राहक भारत बिल पे प्रणाली पर उपलब्ध सभी व्यापारियों को बिल का भुगतान कर सकते हैं।

छ) **क्रेडिट कार्ड पेमेंट:** यह सेवा ग्राहक को विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान करने में सक्षम बनाएगी।

ज) **डेबिट कार्ड पिन सृजन:** ग्राहक डेबिट कार्ड पिन को सेट/रीसेट कर सकते हैं जो आगे ओटीपी द्वारा प्रमाणित होगी।

झ) **लॉकर की उपलब्धता:** ग्राहक मोबाइल बैंकिंग का उपयोग करके किसी भी शाखा में लॉकर की उपलब्धता की जांच कर सकता है और उसके लिए आवेदन भी कर सकता है।

ञ) **नई क्षेत्रीय भाषा का परिचय:** ओडिया और मलयालम भाषा की शुरुआत के साथ, मोबाइल बैंकिंग अब 6 भाषाओं में उपलब्ध है, अर्थात् अंग्रेजी, हिंदी, बंगला, ओडिया, तमिल और मलयालम।

ट) **युनाइटेड वॉयस एसिस्ट (यूवीए):** यूवीए मोबाइल बैंकिंग में एक अभिनव विशेषता है जहां ग्राहक केवल आवाज आधारित कमांड का उपयोग करके बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान में बैलेंस इंक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, अंतिम अंतरण विवरण और चेक बुक अनुरोध उपलब्ध हैं और अधिक सेवाएं अभी लागू होनी है। यूवीए सेवा को शुरू में केवल एनड्रॉयड उपकरणों के लिए विस्तारित किया गया है।

ठ) **म्यूचुअल फंड की सुविधा:** ग्राहक ऐप के माध्यम से विभिन्न म्यूचुअल फंड साइट पर जा सकते हैं और म्यूचुअल फंड खरीद सकते हैं।

ड) **डीमैट खाते का अनुरोध:** ग्राहक डीमैट खाता खोलने के लिए अनुरोध कर सकता है।

नए डेबिट कार्ड आरंभ किए गए:

बैंक ने मास्टर और वीज़ा नेटवर्क के तहत डेबिट कार्ड का अतिरिक्त संस्करण आरंभ किया है। ये कार्ड एनएफसी (नियर फील्ड कम्यूनिकेशन) हैं, जिससे ग्राहक मर्चेंट आउटलेट्स पर कार्ड को स्वाइप मशीन के पास रखकर खरीद सकते हैं।

डेबिट कार्ड का ऑनलाइन आवेदन:

ग्राहक अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के डेबिट कार्ड के किसी भी संस्करण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम हैं।

हमारे मर्चेंट आउटलेट्स पर नकदी (@) पीओएस का परिचय:

बैंक ने मर्चेंट एक्वायरिंग व्यवसाय में प्रवेश किया है और उसने आज तक लगभग 5400 पॉइंट ऑफ़ सेल टर्मिनल लगाए गए हैं। डिजिटल लेनदेन के विकास को बेहतर बनाने और मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करने के हमारे प्रयास के तहत, बैंक ने नकदी (@) पीओएस सेवाओं की शुरुआत की है। इस सुविधा के तहत, हमारे बैंक के पी ओ एस/ टर्मिनल वाले व्यापारी रुपे, वीजा और मास्टर कार्ड नेटवर्क के तहत किसी भी बैंक द्वारा जारी किए गए कार्ड को स्वाइप करके कार्डधारकों को नकद प्रदान करने की अतिरिक्त सेवा दे सकते हैं।

मर्चेंट आउटलेट्स पर भारत क्यूआर का परिचय:

बैंक ने विशेष रूप से निचले वर्ग के व्यापारियों के विभिन्न वर्ग का अधिग्रहण करने के लिए जो पीओएस के लिए उच्च मासिक किराए का भुगतान नहीं कर सकते, क्विक रेस्पॉन्स (क्यूआर) आधारित सॉफ्ट टर्मिनल जैसे भारत क्यूआर और बीएचआईएम क्यूआर की शुरुआत की है। यह ग्राहकों को स्थिर क्यूआर कोड को स्कैन करके भुगतान करने में सक्षम करेगा। भारत क्यूआर में क्रेडिट/डेबिट कार्ड या वीपीए (यूपीआई) के किसी भी प्रकार को डेबिट करने का विकल्प है, बशर्ते वह ग्राहक के खाते से जुड़ा हो जबकि बीएचआईएम क्यूआर ग्राहकों को केवल लिंक किए गए वीपीए (यूपीआई) खाते के माध्यम से भुगतान करने में सक्षम करेगा।

युनाइटेड गिफ्ट कार्ड (रुपे) का परिचयः

बैंक ने जन्मदिन, शादी, त्योहार, वर्षगाँठ, विदाई आदि जैसे किसी भी अवसर पर उपहार देने के उद्देश्य से रुपे नेटवर्क के तहत युनाइटेड गिफ्ट कार्ड की शुरुआत की है। यह प्रायोगिक आधार पर सीमित शाखाओं को जारी किया गया था और सभी शाखाओं में इसे धीरे-धीरे विस्तारित किया जाएगा। गिफ्ट कार्ड धारक खुदरा स्टोर और ऑनलाइन शॉपिंग पर खरीदारी के लिए कार्ड पर लोड की गई राशि खर्च कर सकते हैं। गिफ्ट कार्डधारकों को पोर्टल पर स्वयं सेवा प्राप्त करने का भी लाभ है।

चिप आधारित कार्ड की जगह मैगनेटिक स्ट्रिप कार्ड का प्रतिस्थापनः

अधिक सुरक्षित कार्ड आधारित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए तथा भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशो का पालन करने के लिए, बैंक ने अपने सभी सक्रिय 35 लाख मैगस्ट्रिप आधारित कार्ड ईएमवी कार्ड से बदल दिए थे।

इंटरनेट बैंकिंग में नई पहल/सेवाएंः

1. **नामांकन विवरणों को ऑनलाइन भरनाः**

   इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता स्वयं संचालित खातों के लिए नामांकित व्यक्ति का विवरण जोड़/संशोधित कर सकते हैं।

2. **ऑनलाइन लॉकर अनुरोध का कार्यान्वयनः**

   इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता अब अपनी पसंदीदा/सुविधानुसार शाखा में लॉकर की उपलब्धता खोज सकते हैं तथा लॉकर के लिए अनुरोध ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। बाद में, शाखा को नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा और आवश्यक दस्तावेज तथा औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए वह ग्राहक से संपर्क करेगा।

   वर्तमान में बैंक के पास कुल 2017 एटीएम नेटवर्क और 5400 पीओएस आउटलेट्स हैं। सभी डिजिटल बैंकिंग चैनल जैसेः एटीएम, डेबिट कार्ड, इंटरनेट/मोबिल बैंकिंग, यूपीआई आदि हमारे ग्राहकों के सभी वर्गों द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार किए गए हैं तथा आज की तारीख में बैंकिंग लेनदेन का कुल 71% बैंकिंग डिजिटल चैनलों के माध्यम से किए जा रहे हैं।

अनुपलानः

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निदेशों और उसकी सुदृढ़ नीतियों के अनुपालन के लिए बैंक ने अनुपालन विभाग का गठन किया है। अनुपालन के मुद्दों को पहचान करने के लिए समन्वय करना, उनका आकलन करना और अनुपालन जोखिम का निवारण करना, भारतीय रिजर्व बैंक के जोखिम आधारित पर्यवेक्षी प्रक्रिया द्वारा निर्धारित जोखिम न्यूनीकरण योजना का अनुपालन सुनिश्चित करना उक्त विभाग का मुख्य कार्य है।

बोर्ड ने बैंक के लिए अनुपालन नीति तैयार की है। उक्त नीति के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र अर्थात जमा एवं सेवाओं, अग्रिम, केवाईसी एएमएल, बीसीएसबीआई कोड और अनुपालन मुद्दो की पहचान की जाती है और उसके उपचारात्मक उपाय किए जाते हैं। अनुपालन कार्यो से संबंधित ज़िम्मेदारी की भूमिका को बैंक के प्रत्येक विभागों के लिए परिभाषित किया गया है। निम्नलिखित तंत्र के माध्यम से नियामक एवं सांविधिक मामलों को सुनिश्चित करने की शुरुआत की गई हैः

- ➢ स्व प्रमाणन।
- ➢ अनुपालन विभाग, प्रधान कार्यालय के अधिकारियों द्वारा शाखाओं की रैंडम अनुपालन जांच।
- ➢ क्षेत्रीय कार्यालयों के पदनामित अनुपालन अधिकारियों द्वारा शाखाओं की अनुपालन जांच।
- ➢ प्रधान कार्यालय के कार्यपरक विभागों से भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/आईबीए द्वारा जारी निदेशों का अनुपालन।
- ➢ महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल करते हुए अनुपालन नियमों के विवरणों के साथ शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनुपालन प्रणाली के माध्यम से तिमाही रिपोर्टिंग।

  कॉर्पोरेट गवर्नेस के अंतर्गत भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निदेशों की अनुपालन स्थिति एवं अन्य कानून, नियमों तथा दिशानिदेशों की समीक्षा बोर्ड स्तरीय समितियों द्वारा आवधिक रूप से की जाती है।

पुरस्कार/सम्मानः

भारतीय रिजर्व बैंक ने युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया की हिंदी गृह पत्रिका "युनाइटेड दर्पण" को इसकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया के हिंदी गृह पत्रिका "युनाइटेड दर्पण" को इसकी उत्कृष्टता हेतु शील्ड एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया। दिनांक 26.06.2018 को भारतीय रिजर्व बैंक के प्रधान कार्यालय में पुरस्कार दिया गया ।

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया ने आई टी इंफ्रास्ट्रकचर (नेटवर्क सिक्योरिटी परियोजना) में उत्कृष्टता पुरस्कार जीता

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया ने आई टी इंफ्रास्ट्रकचर (नेटवर्क सिक्योरिटी परियोजना) में उत्कृष्टता पुरस्कार जीता है। बैंक ने साइबर सुरक्षा स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों को लागू किया है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के साथ, विभिन्न इंटरनेट आधारित हमलों को रोकने के लिए युनाइटेड पेरिमीटर शील्ड लगाया गया है।

उल्लिखित कार्य के आधार पर, बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स कन्सलटेन्ट्स ऑफ इंटरनेशनल काउंसिल (ई-सीकाउंसिल) इंडिया द्वारा संचालित पुरस्कार कार्यक्रम में प्रतिभागिता किया। जिसमें बैंक की परियोजना को चुना गया एवं आई टी इंफ्रास्ट्रकचर (नेटवर्क सिक्योरिटी परियोजना) में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। 26 मार्च, 2019 को पुरस्कार प्राप्त हुआ।

की गई धोखाधड़ी का विवरणः

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किए गए ₹19.09 लाख तक की धोखाधड़ी को संबंधित नियामक प्राधिकरण को विधिवत रिपोर्ट की गई है।

कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी:

बैंक ट्रस्ट के माध्यम से सीएसआर के तहत गतिविधियां करता है जैसे युनाइटेड बैंक सामाजिकआर्थिक विकास फाउंडेशन (यूबीएसईडीएफ)। यूबीएसईडीएफ की स्थापना 30 मार्च, 2007 को सामाजिक और आर्थिक विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी और इसका उद्देश्य ट्रस्ट बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के संदर्भ में समाज के कमजोर और वंचीत वर्ग के लोगों को सहायता प्रदान करना है।

यूबीएसईडीएफ के न्यासी बोर्ड में 31 मार्च, 2019 तक निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं

1. श्री अशोक कुमार प्रधान, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2. श्री संजय कुमार, कार्यपालक निदेशक
3. श्री अजीत कुमार दास, कार्यपालक निदेशक
4. श्री विनय गंदोत्रा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन और एफआई)
5. श्री मुक्ति रंजन रे, महाप्रबंधक (प्राथिमकताप्राप्त क्षेत्र और एलबीडी)

31 मार्च, 2019 तक, बैंक ने 93 विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों को वित्तीय सहायता दी है, जिसकी कुल राशि ₹327.43 लाख है। स्वास्थ्य संबंधी, शिक्षा, गो-ग्रीन परियोजना, भूमि संरक्षण, समाज कल्याण गतिविधियों के तहत क्रियाकलापों को सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। समीक्षाधीन वर्ष में, बैंक ने समाज के हित के लिए संबंधित संगठनों द्वारा 5 परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए ₹30.28 लाख संवितरण किया है।

लाभांशः

नुकसान को देखते हुए, निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

लाभांश वितरण नीतिः

सेबी के विनियमन 43ए (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं), 2015 के संदर्भ में, बैंक ने अपने शेयरधारकों को लाभांश के वितरण को अभिशासित करनेवाली लाभांश वितरण नीति मानदंड, मात्रा और परिस्थितियां तैयार की हैं। नीति परिशिष्ट के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक हिस्सा है और यह बैंक की वेबसाइट http://www.unitedbankofindia.com/uploads/Dividend_Distribution_Policy.pdf पर उपलब्ध है।

निदेशक का उत्तरदायित्व कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 (लागू सीमा तक) की धारा 134 (3) (सी) के संदर्भ में, आपके निदेशक इसकी पुष्टि करते हैं -

(क) 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खातों की तैयारी में, लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और कोई सामग्री को अपसरण नहीं किया है;

(ख) निदेशकों को ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन करना एवं उन्हें लगातार लागू करना और निर्णय देना है जो 31 मार्च, 2019 तक बैंक के मामलों की स्थिति एवं उस तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देने के लिए उचित और विवेकपूर्ण हैं।

(ग) निदेशकों ने बैंक की आस्ति की सुरक्षा के लिए एवं धोखाधड़ी का पता लगाने और अनियमितताओं रोकने तथा पता करने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपूर्ण लेखांकन रिकॉर्ड बनाए रखने में उचित एवं यथेष्ट ध्यान रखा है।

(घ) वार्षिक खाते "वर्तमान प्रचलन" के आधार पर तैयार किए गए हैं;

(ङ) निदेशकों ने बैंक द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्धारित किया है और हम इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को पर्याप्त और प्रभावी रूप से परिचालित मानते हैं; तथा

(च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की है और हम इस तरह की प्रणालियों को पर्याप्त और प्रभावी रूप से परिचालित मानते हैं।

साचिवीक मानकों का अनुपालन

बैंक, कॉरपोरेट इकाई के संदर्भ में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 को राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के साथ पढ़ा जाए, जिसमें लागू कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी सचिवीक मानकों का अनुपालन किया गया है।

साचिवीक लेखापरीक्षा

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) के 24ए विनियम, 2015 (किसी भी संशोधन या इसके संशोधन सहित) के विनियमन के लिए, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए बैंक के साचिवीक लेखापरीक्षा के लिए पेशेवर कंपनी सचिव मैसर्स टी. चटर्जी और एसोसिएट्स को नियुक्त किया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए साचिवीक लेखा परीक्षा रिपोर्ट अनुबंध-II के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट के अंश के रूप में। साचिवीक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कोई शर्त, संदेह, प्रतिकूल टिप्पणी या अस्वीकरण शामिल नहीं है।

कर्मचारी शेयर क्रय योजना

संभावित और क्रियाशील कर्मचारियों को प्रेरित करने और पुरस्कृत करने और अनुभवी व्यक्तियों को सम्मानित करने साथ ही बैंक की शेयर पूंजी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, 27 फरवरी, 2018 को आयोजित असाधारण आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के साथ बैंक ने सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 के अनुसार इसके किसी संशोधन या उसके परिवर्तन (सेबी एसबीईबी विनियम) सहित एक योजना बनाई है अर्थात युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी शेयर क्रय योजना, 2018 (यूबीआई-ईएसपीएस 2018/योजना)। युबीआई-ईएसपीएस 2018 ने बैंक को अधिकार दिया है कि वह एक या अधिक हिस्सों में बैंक के पात्र कर्मचारियों के लिए अधिकतम

5,00,00,000 इक्विटी शेयर मंजूरी करें। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ बैंक ने सेबी एसबीईबी विनियम के विनियमन 22(2) के अनुसार योजना के तहत आवंटित शेयरों की लॉकइन आवश्यकताओं को संशोधित किया।

दिनांक 30 जुलाई, 2018 से 31 अगस्त, 2018 तक पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए निर्गम खुला था। योजना के तहत शेयरों की कीमत साप्ताहिक उच्च और निम्न के औसत पर 5% की छूट पर निर्धारित की गई थी। स्टॉक एक्सचेंजों के हवाले से बैंक के इक्विटी शेयरों के बंद भाव 30 जुलाई, 2018 से 31 अगस्त, 2018 तक पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए निर्गम खुला था। योजना के तहत शेयरों की कीमत साप्ताहिक उच्च और निम्न के औसत पर 5% की छूट पर निर्धारित की गई थी। बैंक के इक्विटी शेयरों की कीमतों में वृद्धि के रूप में स्टॉक एक्सचेंजों के प्रस्ताव पहले दो सप्ताह के दौरान बैंक के शेयरों में उच्च मात्रा में रिकॉर्डिंग, यानि 30 जुलाई, 2018 को निकटतम 5 पैसे के निकटतम दौर तक पहुंच गया। बैंक ने 13 सितंबर, 2018 को उक्त योजना के तहत बैंक के योग्य कर्मचारियों को प्रति शेयर ₹10/- के इश्यू मूल्य के 2,92,02,589 इक्विटी शेयर जारी किए और प्रत्येक को ₹10.55/- के इश्यू मूल्य पर जारी और आवंटित किए।

सेबी एसईबीआई विनियमों के तहत निर्धारित से संबंधित खुलासे 16 जून, 2015 को सेबी परिपत्र के साथ पढ़े गए हैं, जो कि उक्त मुद्दे से संबंधित है, इस रिपोर्ट को अनुबंध-III के रूप में प्रदान किया गया है। यूबीआई-ईएसपीएस 2018 के तहत जारी किए गए 2,92,02,589 इक्विटी शेयरों की पोस्ट अलॉटमेंट और लिस्टिंग, शेष इक्विटी शेयर (यानि 2,07,97,411 इक्विटी शेयर) स्कीम स्टैंड के तहत/सब्सक्राइब नहीं किए गए और यूबीआईईएसपीएस 2018 समाप्त होता है।

सेबी एसबीईबी विनियम के अनुसरण में मुखर्जी विश्वास, पाठक एवं अरुण कुमार अग्रवाल एंड एशोसिएट्स, एसबीए एसोसिएट्स तथा दिनेश जैन एंड एसोसिएट्स बैंक के सांविधिक केन्द्रीय लेखापरीक्षकों ने सेबी एसबीईबी विनियम एवं इस संबंध में (इस रिपोर्ट के परिशिष्ट फ में प्रमाणपत्र संलग्न) शेयरधारकों द्वारा पारित संकल्पों को कार्यान्वित किया गया है, इस आशय को सत्यापित किया है।

कंपनी अभिशासनः

कंपनी अभिशासन पर रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट के एक अलग खंड (पृष्ठ 51) में अन्तर्निहित है।

इस रिपोर्ट का परिशिष्ट हिस्सा बनानाः

इस रिपोर्ट में संदर्भित परिशिष्ट एवं अन्य सूचनाएं जिनको उद्घाटित करने की आवश्यकता है इसके साथ संलग्न है और इस रिपोर्ट के अंश के रूप में है।

परिशिष्ट	विवरण
I	लाभांश संवितरण नीति
II	साचिवीक लेखापरीक्षा
III	यूबीआई-ईएसपीएस 2018 का विवरण
IV	यूबीआई-ईएसपीएस 2018 पर लेखापरीक्षक प्रमाणपत्र

अनुबंध *I*

लाभांश वितरण नीति

1. प्रस्तावना

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की लाभांश वितरण नीति (इसके बाद बैंक के रूप में संदर्भित) को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की अधिसूचना संख्या SEBI/LAD-NRO/GN/2016-17/008 दिनांक 8 जुलाई, 2016 के अनुसार तैयार किया जा रहा है। बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 500 सूचीबद्ध संस्थाओं में शामिल बैंक के लिए नीति तैयार करना आवश्यक है।

2. नाम

नीति को युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया लाभांश वितरण नीति के रूप में नामित किया जा सकता है जो बैंक के निदेशक मंडल द्वारा उसे अपनाने की तिथि से प्रभावी होगी।

3. उद्देश्य

बैंक, इस नीति के माध्यम से, लाभांश भुगतान योजनाओं के लिए एक सुसंगत दृष्टिकोण बनाए रखने और व्यवसाय में भुगतान किए गए लाभांश की मात्रा और लाभ की राशि के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास करेगा ।

4. मूल दस्तावेज

क. बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949

ख. बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970

ग. आरबीआई परिपत्र सं. RBI/2004-05/451 DBOD.NO.BP.BC. 88/21.02.067/2004-05 दिनांक 04.05.2005

घ. दिनांक 01 जुलाई, 2015 के आरबीआई का मास्टर परिपत्र

ङ. वित्त मंत्रालय का पत्रांक F.No.10/3/2010-BOA दिनांक अप्रैल 13, 2010

च. वित्त मंत्रालय का पत्रांक F.No.10/3/2010-BOA दिनांक जनवरी 18, 2013

छ. सेबी (सूचीबद्ध करार और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015

ज. युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010

झ. लाभांश पर कंपनी सचिवालय संस्थान द्वारा जारी - 3 सचीविय मानक

5. पृष्ठभूमि

क. लाभांश वे भुगतान हैं जिन्हें संगठन अपने शेयरधारकों को उनके निवेश की एवज में लौटाता है। यह कंपनियों के लिए वित्तीय स्थिति और शेयरधारक मूल्य को संप्रेषित करने के सबसे सरल तरीकों में से एक है। भविष्य की संभावनाओं और संगठन के प्रदर्शन के संबंध में लाभांश स्पष्ट और यथोचित संदेश देते हैं।

ख. आम तौर पर स्वीकृत परिभाषा के अनुसार, "लाभांश" का मतलब एक संगठन के लाभ से है, जो व्यवसाय में बनाए नहीं रखा जाता है और अपने शेयरधारकों के बीच उनके द्वारा रखे गए शेयरों पर भुगतान की गई राशि के अनुपात में वितरित किया जाता है। लाभांश में कोई अंतरिम लाभांश भी शामिल होता है।

6. लाभांश के संबंध में बैंक की सामान्य नीति

क. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और भारत सरकार (जीओआई) द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा लाभांश की घोषणा की जाती है। निदेशक मंडल (इसके बाद 'बोर्ड' रुप में संदर्भित) अपने विवेकाधिकार से, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में वार्षिक लेखों का अनुमोदन करते समय, फ्री नकदी प्रवाह की स्थिति, वर्ष के दौरान अर्जित लाभ, कैपेक्स की आवश्यकता एवं लागू करों को ध्यान में रखते हुए शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए लाभांश की सिफारिश कर सकते हैं।

ख. लाभांश, बैंक द्वारा जारी किए गए संचयी अधिमानी शेयरों पर लाभांश के अलावा, यदि कोई हो, किसी वित्तीय वर्ष में घोषित नहीं किया गया है तो बाद के वित्तीय वर्ष में भुगतान के लिए जमा नहीं किया जाएगा।

ग. वार्षिक आम बैठकों के दौरान अंतरिम लाभांश की घोषणा करने के लिए बोर्ड के पास पूर्ण विवेक होगा, बर्शते कि भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों और वित्त मंत्रालय (एमओएफ) द्वारा इस संबंध में कोई अधिसूचना/निर्देश यदि दिया गया हो।

7. लाभांश की घोषणा के लिए पात्रता मानदंड

क. दिनांक 01 जुलाई, 2015 के मास्टर परिपत्र के साथ पठित आरबीआई के परिपत्र सं. RBI/2004-05/451 DBOD.NO.BP.BC. 88/21.02.067/2004-05 दिनांक 04.05.2005 के अनुसार बैंक लाभांश घोषित करने की पात्रता के लिए निम्नलिखित न्यूनतम विवेकपूर्ण आवश्यकताओं का पालन करेगा:

ख. सीईटी -1 अनुपात 6.125% से कम नहीं होना चाहिए।

ग. बैंक के पास लाभांश घोषित करने के प्रस्ताव के लिए पिछले दो पूर्ण वर्षों के लिए कम से कम 10% तथा लेखांकन वर्ष के लिए कम से कम 10.25% जोखिम भारित आस्तियों के अनुपात के लिए पूंजी (सीआरएआर) होना चाहिए।

घ. लाभांश का वितरण करने से पूर्व बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के खंड 15 (लाभांश के भुगतान के रूप में प्रतिबंध) तथा खंड 17 (अंतरण योग आरक्षित निधि के लिए लाभ के 20% से कम नहीं होगा) के प्रावधानों का बैंक को अनुपालन करना होगा।

ङ. बैंक को आरबीआई द्वारा जारी प्रचलित नियमों/दिशा-निर्देशों समेत संपत्ति की हानि के लिए पर्याप्त प्रावधान बनाने और कर्मचारी के सेवानिवृत्ति लाभ, सांविधिक आरक्षित के लाभ का अंतरण आदि का अनुपालन करना होगा।

च. प्रस्तावित लाभांश चालू वर्ष के लाभ में से भुगतान किया जाएगा।

छ. लाभांश की घोषणा के लिए बैंक पर आरबीआई द्वारा स्पष्ट प्रतिबंध नहीं लगाए जाएंगे।

8. देय लाभांश की मात्रा

क. यदि पात्रता मानदंड पूरे किए जाते हैं, तो बैंक निम्नलिखित सीमा के तहत लाभांश की घोषणा और भुगतान कर सकता है -

चालू वर्ष की प्रतिधारित कमाई को शामिल करने के बाद सीईटी-1	न्यूनतम पूंजी संरक्षण अनुपात	लाभांश/ बोनस के माध्यम से भुगतान
5.5% - 6.125%	100%	शून्य
6.125% - 6.75%	80%	20%
6.75% - 7.375%	60%	40%
7.375% - 8.0%	40%	60%
>8.0%	0%	100%

ख. यदि प्रासंगिक अवधि के लिए लाभ में कोई अतिरिक्तसाधारण लाभ/आय शामिल है, तो प्रूडेंशियल पेआउट अनुपात के अनुपालन की गणना के लिए इस तरह के अतिरिक्त साधारण वस्तुओं को बाहर करने के बाद पेआउट अनुपात की गणना की जाएगी।

ग. वित्तीय वर्ष से संबंधित वित्तीय विवरण, जिसके लिए बैंक लाभांश की घोषणा कर रहा है, उसे सांविधिक लेखा परीक्षकों की किन्हीं भी शर्तों से मुक्त होना चाहिए, जिसका उस वर्ष के दौरान लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उसके प्रभाव स्वरुप किसी भी शर्त के मामले में, लाभांश भुगतान अनुपात की गणना करते समय शुद्ध लाभ को उपयुक्त रूप से समायोजित किया जाना चाहिए।

घ. वित्त मंत्रालय की अधिसूचना सं. F. No. 10/3/2010 – BOA, के अनुसार, बैंक भुगतान की गई पूंजी के 20% या कर-पश्चात लाभ के 20% का न्यूनतम लाभांश, जो भी एक वित्तीय वर्ष के लिए अधिक हो, का भुगतान करेगा। यदि बैंक ऊपर दिए गए न्यूनतम लाभांश का भुगतान करने में सक्षम नहीं है, जैसा कि ऊपर कहा गया है, बैंक निर्धारित दर से कम दर पर लाभांश का भुगतान नहीं करने या लाभांश का भुगतान करने के लिए केंद्र सरकार से विशेष अनुमति की मांग करेगा।

9. लाभांश की घोषणा करने के लिए निर्धारित कारक

लाभांश पेआउट के संबंध में निर्णय एक महत्वपूर्ण निर्णय है क्योंकि यह शेयरधारकों के बीच वितरित की जाने वाली राशि और लाभ की राशि को व्यवसाय में बनाए रखने के लिए निर्धारित करता है। संगठन और उसके सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित आंतरिक और बाह्य कारकों का अनुसरण करते हुए, लाभांश घोषित करने पर प्रस्ताव पर विचार और निर्णय लिया जाएगा:

क. **बाह्य कारक**

i. अर्थव्यवस्था की स्थिति - आर्थिक और व्यावसायिक परिस्थितियों के अनिश्चित या मंदी के मामले में, बोर्ड भविष्य के जोखिम को कम करने के लिए आरक्षित करने हेतु मुनाफे के बड़े हिस्से को बनाए रखने का प्रयास करेगा ।

ii. पूंजी बाजार - जब बाजार अनुकूल होते हैं, तो लाभांश भुगतान सहज ही हो सकता है। हालांकि, प्रतिकूल बाजार स्थितियों के मामले में, बोर्ड नकदी प्रवाह के संरक्षण के लिए एक रूढ़िवादी लाभांश पेआउट दृष्टिकोण का सहारा ले सकता है।

iii. सांविधिक प्रतिबंध - लाभांश के भुगतान पर निर्णय नियामक प्रतिबंधों के अनुसार होगा, यदि कोई हो।

ख. **आंतरिक कारक**

i. वर्ष के दौरान अर्जित लाभ

ii. अंतरिम लाभांश का भुगतान, यदि कोई हो

iii. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आस्ति की गुणवत्ता में सुधार या प्रावधान आदि के संबंध में वार्षिक वित्तीय निरीक्षण का जाँच - परिणाम

iv. लेखा विवरण से संबंधित लेखापरीक्षकों की शर्ते

v. बेसल-III पूंजी आवश्यकताएं

vi. 5 वर्षो के लिए बैंक की व्यावसायिक विकास योजनाएँ

vii. पूंजीगत आस्तियों की प्रतिस्थापन आवश्यकताएं

viii. बैंक के सहायक/सहयोगियों में नवीनतम निवेश या अतिरिक्त निवेश

ix. किसी अन्य कारक जो बोर्ड द्वारा उपयुक्त समझा जा सकता है।

10. शेयर के विभिन्न वर्गो के लिए मापदंड

क. शेयरों के विभिन्न वर्गो के लिए लाभांश की घोषणा हेतु कारक एवं मापदंड ऊपर के खंड 9 के अनुसार यथा उल्लिखित होंगे। लाभांश का भुगतान यथा लागू दिशा-निर्देशों एवं उन्हें जारी करने के शर्तानुसार शेयरों के प्रत्येक वर्ग के साथ संबद्ध संबंधित अधिकारों के आधार पर किया जाएगा।

ख. इक्विटी शेयरों पर लाभांश का भुगतान केवल चालू वर्ष के लाभ से किया जाएगा। सभी कानूनी और संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने के बाद ही लाभांश का भुगतान किया जाता है और पुराने पूंजीगत लिखतों पर भुगतान किया गया है। इसका आशय है कि उच्चतम गुणवत्ता वाले पूंजी के रूप में वर्गीकृत अन्य तत्वों समेत वहां कोई अधिमानी वितरण नहीं है।

11. लाभांश विवेकाधिकार

क. एक बार घोषित होने के बाद लाभांश बैंक के लिए ऋण बन जाता है ।

ख. वितरण/भुगतान को रद्द करने के लिए बैंक के पास हर समय पूर्ण विवेक होगा।

ग. विवेकाधिकार भुगतानों को रद्द करना चूक की स्थिति नहीं होनी चाहिए ।

घ. बैंक के पास अदायगी का पालनीय होने के कारण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए भुगतान को रद्द करने की पूरी क्षमता होगी ।

ङ. शेयरधारकों को वितरण करने करने के मामले को छोड़कर संवितरण/भुगतान को रद्द करने के लिए बैंक पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा ।

च. लिखत में कोई क्रेडिट संवेदनशील कूपन सुविधा नहीं हो सकती है, अर्थात् लाभांश जो समय-समय पर पूरे या आंशिक रूप से बैंक के क्रेडिट के आधार पर निर्धारित किया जाता है ।

12. लाभांश के भुगतान के तरीके

क. शेयरों के अंकित मूल्य के प्रतिशत के रूप में लाभांश को शेयर के आधार पर घोषित किया जाएगा।

ख. निदेशक मंडल की बैठक, जिसमें अंतिम लाभांश की सिफारश पर विचार किया जाएगा, उसके कम से कम 2 कार्य दिवस से पहले स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा और लाभांश की सिफारशों की सूचना बोर्ड की बैठक के निष्कर्षो के बाद 30 मिनट के भीतर दी जाएगी।

ग. निदेशक मंडल अपनी बैठक में लाभांश की सिफारिश करना, बही बंदी/रिकार्ड तारीख को तय करना, बैंक खातों को खोलने के लिए प्राधिकृत करना, खातों के परिचालन/लाभांश वारंटों को जारी करने के लिए हस्ताक्षरकर्ता को पदनामित करना और लाभांश की घोषणा और भुगतान के संबंध में यथाआवश्यक ऐसे मध्यस्थों को नियुक्त करने का कार्य करेंगे।

घ. सदस्यों के रजिस्टर, शेयर अंतरण रजिस्टर या रिकार्ड को बंद करने की तारीख और रिकार्ड की तारीख जैसा भी मामला हो उससे स्टॉक एक्सचेंज को सदस्यों के रजिस्टर और शेयर अंतरण बही के बंद होने के कम से कम 7 दिनों से पहले सूचित करेंगे और उसे राष्ट्रीय स्तर पर परिचालित एक अंग्रेजी समाचार पत्र और एक बंगला समाचार पत्र में प्रकाशित करेंगे।

ङ. सदस्यों के रजिस्टर को बंद करने/रिकार्ड की तारीख से पहले प्राप्त सभी प्रकार के शेयर अंतरण अनुरोधों पर रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा कार्रवाई की जाएगी और बोर्ड/बोर्ड की समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा ।

च. लाभांश की घोषणा एक साधारण व्यवसाय ऐजेंडा के रुप में वार्षिक आम बैठकों में प्रस्तुत की जाएगी और उसे साधारण बहुमत (साधारण संकल्प) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा ।

छ. शेयरधारकों द्वारा बोर्ड द्वारा सिफारिश किए गए दर से उच्च दर पर अंतिम लाभांश की घोषणा नहीं की जा सकती है, हालांकि, वे बोर्ड द्वारा सिफारिश किए गए दर से कम दर पर अंतिम लाभांश की घोषणा कर सकते हैं ।

ज. किसी वित्तीय वर्ष के संबंध में वार्षिक आम बैठक में एक बार लाभांश की घोषण हो जाने पर, बैंक उसी वित्तीय वर्ष के संबंध में एक असाधारण आम बैठक में अगले लाभांश की घोषणा नहीं कर सकता है ।

झ. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए घोषित लाभांश पृथक बैंक खातों में अंतरित किया जाएगा और बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि लाभांश की समग्र राशि का भुगतान लाभांश की घोषणा के बाद 5 दिनों के भीतर निर्दिष्ट खाता में लाभांश वितरण कर के भुगतान के अंतरित होने के बाद किया जाएगा ।

ञ. बैंक इलेक्ट्रानिक माध्यमों से शेयरधारकों को लाभांश राशि अंतरित करने तथा लाभांश घोषित होने के 30 दिनों के भीतर लाभांश वारंटों का प्रेषण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगा ।

ट. अप्रदत्त या अदावी राशि 30 दिनों की अवधि की समाप्ति के 7 दिनों के भीतर उसी वित्तीय वर्ष के अप्रदत्त लाभांश खाता में अंतरित कर दी जाएगी ।

ठ . बैंक अप्रदत्त लाभांश का शेयरधारक वार विवरण तैयार करेगा और उसे बैंक की वेबसाइट पर अप्रदत्त लाभांश खाता में अंतरित करने के 90 दिनों के भीतर अपलोड करेगा।

13. अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं:

क. अंतरिम लाभांश घोषित करने के लिए बोर्ड की बैठक में खुद को संतुष्ट करना होगा कि बैंक की वित्तीय स्थिति ऐसे भुगतान को सही ठहराती है। अंतरिम लाभांश का लाभ और हानि खाते के अधिशेष से भुगतान किया जाएगा तथा यह उस वित्तीय वर्ष के लाभ से भुगतान किया जाएगा जिसमें अंतरिम लाभांश घोषित किया जाना प्रस्तावित है। अंतरिम लाभांश का भुगतान बैंक के आरक्षित निधि से नहीं किया जाएगा।

ख. अंतरिम लाभांश घोषित करने की तारीख से पहले तिमाही के अंत तक बैंक को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान शुद्ध घाटा होने की स्थिति में अंतरिम लाभांश घोषित नहीं किया जाएगा।

ग. अंतरिम लाभांश बैंक द्वारा घोषित पूर्ववर्ती 3 वर्षो के दौरान लाभांश की औसत दर से अधिक की दर से घोषित नहीं किया जाएगा।

घ. निदेशक मंडल अपनी बैठक में अंतरिम लाभांश की घोषणा करेगा, बुक क्लोजर/रिकॉर्ड तिथि को अंतिम रूप देगा, बैंक खातों को खोलने के लिए, खातों के परिचालन के लिए हस्ताक्षरकर्ता अधिकृत करेगा/लाभांश वारंट जारी करके ऐसे मध्यस्थों को बहाल करेगा जैसा कि घोषणा और लाभांश भुगतान के लिए आवश्यक होगा। बैंक घोषणा के पांच दिनों के भीतर अंतरिम लाभांश की राशि जमा करेगा।

च. घोषित अंतरिम लाभांश की पुष्टि अगले वार्षिक आम बैठक में की जाएगी।

14. अधिमानी लाभांशः

क. यदि अधिमानी शेयरों को भुनाया नहीं गया है तो किसी भी लाभांश को तब तक घोषित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि इस तरह के अधिमानी शेयरों पर लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता है या अधिमानी शेयरों को भुनाया नहीं जाता है।

ख. बैंक के इक्विटी शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करने से पहले अधिमानी शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान किया जाना चाहिए।

ग. पर्पिचुअल नन-कम्युलेटिव शेयरों (पीएनसीपीएस) पर देय लाभांश का भुगतान वर्तमान वर्ष के लाभ से किया जाएगा।

घ. अंतरिम लाभांश के मामले में, जबकि इक्विटी शेयरधारकों को अंतरिम लाभांश का भुगतान करने से पहले अधिमानी शेयरधारकों को आवश्यक रूप से लाभांश का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है, बोर्ड उस राशि को अलग रखेगा जो तय दर पर अधिमानी शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करने के लिए आवश्यक होगा।

च. जारी किए गए निर्गत कम्युलेटिव अधिमानी शेयरों के बकाया लाभांश का भुगतान किसी भी अन्य लाभांश के भुगतान से पहले किया जाना चाहिए।

15. निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि को अभुक्त लाभांश का अंतरण:

क. बैंक द्वारा, अंतरण तिथि से 7 वर्षों तक अभुक्त/बेदावा रहने वाले ऐसे लाभांश की राशि को ब्याज सहित, यदि कुछ हो, को भारत सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईएफपी) को अंतरित किया जाएगा।

ख. बैंक कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) को प्रति वर्ष बेदावा/अभुक्त लाभांश का ब्योरा भेजेगा और आईईएफपी को स्थानान्तरित अभुक्त/बेदावा लाभांश की राशि तथा उसका ब्योरा अपने पास रखेगा।

16. अभुक्त लाभांश खाता से दावा:

क. अभुक्त लाभांश खाते से लाभांश का दावा करने के लिए आवेदन पत्र निर्धारित राशि के मुताबिक क्षतिपूर्ति बांड के साथ किया जाएगा, जहां लाभांश की राशि ₹10000/ से अधिक है; इसके साथ पहचान का प्रमाण, निवास का प्रमाण, लाभांश वारंट/पत्र, उत्तराधिकार प्रमाणपत्र/प्रोबेट/लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (मृत व्यक्ति के मामले में) जमा करना होगा, जबकि क्षतिपूर्ति बॉन्ड की आवश्यकता को राज्य/केंद्र सरकार, सरकारी कंपनी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के मामले में छूट प्राप्त होगी।

ख. आईईएफपी को भेजा गया लाभांश का दावा आईईएफपी प्राधिकरण को एक आवेदन भेजकर किया जाएगा।

17. रिपोर्टिंग प्रणाली:

क. बैंक द्वारा अपने इक्विटी शेयरों और अधिमानी शेयरों पर भुगतान किए गए सभी लाभांश की जानकारी शेयरधारकों को निदेशकों की रिपोर्ट द्वारा दी जाएगी।

ख. लेखा वर्ष के दौरान घोषित लाभांश का विवरण आरबीआई को अनुबंध 2 में सूचित किया जाएगा जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र RBI/2004-05/451 DBOD.NO.BP.BC.88/ 21.02.067/2004-05, दिनांक 04.05.2005 में दिया गया है। लाभांश घोषित होने के बाद एक पखवाड़े के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

ग. लाभांश के भुगतान न करने के सभी उदाहरण जारीकर्ता बैंकों को बैंकिंग विनियमन विभाग और बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधकों द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे।

18. रोकी गई आय की उपयोग विधि:

बोर्ड के पास बैंक की आय को रखने का अधिकार होगा जैसा कि व्यापार विस्तार के लिए आवश्यक बोर्ड की राय में हो सकता है, पूंजी पर्याप्तता में सुधार, विविधीकरण या इस तरह के अन्य उद्देश्यों के रूप में बोर्ड द्वारा उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग और शेयरधारक मूल्य में वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए, जैसा उचित होगा।

19. विचलन स्वीकृति का प्राधिकार:

